इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3068

20 दिसम्बर, 2012 को उत्तर के लिए

एनएमडीसी द्वारा लौह अयस्क का विपणन

3068. श्री धर्मेंद्र प्रधान:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (एनएमडीसी) द्वारा घरेलू इस्पात कंपनियों को ऊंची दरों पर लौह अयस्क का विपणन किया जा रहा है;

(ख) एनएमडीसी द्वारा कम दरों पर लौह अयस्क का निर्यात और घरेलू इस्पात कंपनियों को ऊंची दरों पर बिक्री के संबंध में तथ्य क्या हैं;

(ग) क्या सरकार ने घरेलू इस्पात कंपनियों की शिकायतों का संज्ञान लेकर कोई कदम उठाये हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

इस्पात मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)

(क) और (ख): निर्यात समझौतों के तहत बिक्रियां फ्री-ऑन-बोर्ड (एफओबी) पोर्ट आधारित की जाती है जबकि घरेलू बिक्रियां फ्री-ऑन-रेल (एफओआर)/ फ्री-ऑन-ट्रक(एफओटी) माइन आधारित की जाती हैं और इस तरह कीमतों के ये दोनों प्रकार सीधे तौर पर तुलनात्मक नहीं हैं। वर्ष 2012-2013 के दौरान एनएमडीसी लिमिटेड के लौह-अयस्क की निर्यात और घरेलू कीमतें नीचे दी गई हैं:

अवधि	लौह-अयस्क की घरेलू कीमतें(एफओआर माइन आधार पर रूपये/टन में)		लौह-अयस्क की निर्यात कीमतें(यूएस डॉलर/डीएलटी-एफओबी पोर्ट आधारित)	
	बेला लम्प	बेला फाइन्स	बेला लम्प	बेला फाइन्स
प्रथम तिमाही (अप्रैल, 2012-जून, 2012)	5480	2800	146.90	135.20
द्वितीय तिमाही (जुलाई, 2012-सितम्बर, 2012)	6190	3030	153.60	141.38
अक्टूबर, 2012	6070	2690	131.9	121.43
नवम्बर, 2012	5380	2610	131.93	121.43

(ग) और (घ) लौह-अयस्क एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है। लौह-अयस्क की कीमतें वाणिज्यिक समझ और सामान्य बाजार स्थिति के आधार पर निजी कम्पनियों द्वारा निर्धारित की जाती हैं। एक सार्वजनिक क्षेत्र का नवरत्न उद्यम होने के नाते लौह-अयस्क की कीमत निर्धारण सहित एनएमडीसी के वाणिज्यिक एवं वित्तीय निर्णय कंपनी के निदेशक मण्डल द्वारा लिए जाते हैं। सरकार सामान्यत: कंपनी के वाणिज्यिक निर्णयों में हस्तक्षेप नहीं करती है। तथापि, घरेलू लौह एवं इस्पात उद्योग के लिए लौह-अयस्क की रियायती कीमत पर उपलब्धता में सुधार करने के लिए सरकार ने दिनांक 30.12.2011 से लौह-अयस्क के सभी ग्रेडों पर (पेलेट्स को छोड़कर) निर्यात शुल्क 20 प्रतिशत यथामूल्य से बढ़ाकर 30 प्रतिशत कर दिया है।

****